बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

23 फरवरी, 2021

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

रिक्त पदों पर नियुक्ति

*6 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना के डेंटल कॉलेज में पढ़ाने वाले शिक्षक-प्रोफेसरों की कमी के चलते छात्र पढ़ाई छोड़कर बीच में ही भाग रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पटना डेंटल कॉलेज में शिक्षकों के 73 पद स्वीकृत हैं लेकिन मात्र 25 कार्य कर रहे हैं और उनमें से भी कोई नियमित नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि इस कॉलेज के खाली पदों को भरने के लिए पिछले वर्ष विज्ञापन निकलने के बाद देश भर से 2300 से ज्यादा अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हुए थे परन्तु महीनों बीत जाने के बाद भी रिजल्ट नहीं निकलने के कारण रिक्त पदों को नहीं भरा जा सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र रिजल्ट निकाल कर रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

खून की कमी

*7 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में 48.3 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण के शिकार हैं तथा 6 माह से लेकर पांच वर्ष की आयु के 63.5 प्रतिशत बच्चे खून की कमी के शिकार हैं;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में 58% गर्भवती माताएं 100 दिनों की अनिवार्य फोलिक एसिड दवाओं के अभाव में खून की कमी की शिकार हो जाती हैं;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार में सिर्फ 3.3% महिलाओं का ही गर्भावस्था के दौरान पूरा एंटिनैरल चेकअप किया जाता है जो देश में सबसे कम है;

(घ) क्या यह सही है कि मात्र 40% बच्चों को पूरे प्रतिरक्षित टीके अर्थात बी.सी.जी. मिजल्स, पोलियो, डीजीटी आदि के टीके लगाए ही नहीं जाते;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बताएगी कि उपरोक्त कमियों को कब तक दूर करने का लक्ष्य है और नहीं तो क्यों?

अस्पताल का निर्माण

*8 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमंडल अंतर्गत 20 फरवरी, 1993 को अनुमंडलीय अस्पताल के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल नहीं होने के कारण संसाधन के अभाव में दम तोड़ते बीमार मरीजों को मधुबनी या दरभंगा रेफर कर दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि बेनीपट्टी को अनुमंडल बने 36 वर्ष हो गए। क्षेत्र के लोगों को आशा थी कि अनुमंडल अस्पताल की सुविधा मिल पाएगी, लेकिन अस्पताल का निर्माण तो हुआ नहीं और 25 वर्ष पूर्व लगा शिलापट्ट भी क्षतिग्रस्त हो कर टूट चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमंडल अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण कराना चाहती है?

चिकित्सक एवं नर्स की नियुक्ति

*9 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि जिला, अनुमंडलीय अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल राज्य में हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सभी अस्पतालों में दवा, अस्पतालों के लिए आवश्यक 291 प्रकार के उपकरण और सृजित पदों के अनुसार चिकित्सक और नर्स, कर्मचारी उपलब्ध हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी स्तर के जिला, अनुमंडलीय अस्पताल और प्राथमिक अस्पताल में दवा, उपकरण, सृजित पद के अनुसार चिकित्सक, नर्स और कर्मचारी उपलब्ध कराना चाहती है?

सस्ती दवा उपलब्ध

*10 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गरीब को सस्ती दवाई मिले, गरीब को दवाई बिना मरने की नौबत नहीं आवे के पावन उद्देश्य से राज्य में जन औषधि केन्द्रों का अभियान चलाया गया है; जहां 800 से अधिक दवाइयां तथा 154 सर्जिकल आइटम्स बाजार मूल्य से पचास से नब्बे फीसदी सस्ते दामों पर उपलब्ध होना चाहिए;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रावधान के बावजूद पटना के अस्पतालों में मरीजों को डॉक्टरों द्वारा लिखी गईं दस दवाओं में से दो या तीन दवाएं मिल पाती हैं और कुछ मरीजों को एक भी दवा नहीं मिल पाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य के अस्पतालों में चल रहे इस अमानवीय धंधा को क्या सरकार रोकना चाहती है, यदि हां, तो कबतक?